# कोटा में चंद्रसेल मठ के युवा संत की धारदार हथियार से निर्मम हत्या

## संत देवानंद पर पीठ की तरफ हथियार से हमला किया, कंधे और पीठ पर कई घाव हुए

**कोटा,** (निसं)। शहर में अज्ञात आरोपी ने प्राचीन और ऐतिहासिक चंद्रसेल महादेव मठ में शुक्रवार रात को संत के कक्ष में घुसकर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इसके चलते नागा महंत देवानंद की मौत हो गई। इस पूरे मामले में दूसरे संत पर शक जताया जा रहा है। पुलिस ने उसे पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

घटना की सूचना मिलने पर मंदिर ट्रस्ट के लोग भी पहुंचे और पुलिस को भी मौके पर बुलाया गया। बाद में एसपी तेजस्विनी गौतम, एडिशनल एसपी सुभाष चंद्र मिश्रा, पुलिस उपाधीक्षक पंचम रुद्रप्रकाश शर्मा, थानाधिकारी अनिल ट्रेलर सहित अन्य अधिकारी पहुंचे थे। नागा महंत देवानंद की हत्या के मामले में शनिवार दोपहर को पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी हो गई, लेकिन यहां पर पहुंचे संतों ने आक्रोशित होकर शव लेने से इनकार कर दिया। महामंडलेश्वर हेमा सरस्वती के नेतृत्व में बड़ी संख्या में संत मोर्चरी पर पहुंचे और आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने तक बॉडी नहीं लेने की बात कही। कोटा शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने बताया कि सकारात्मक वार्ता के बाद धरना समाप्त कर दिया गया है। डीटेन किए हुए आरोपी साधू से पूछताछ चल रही है तथा कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने बताया कि घटना में संत देवानंद की धारदार हथियार से हत्या की गई है। मामले में मंदिर ट्रस्ट के लोगों ने दूसरे साधु पर शक जताया है। आरोप है कि है कि वो देवानंद से ईर्ष्या रखते थे, इसीलिए यह घटनाक्रम उनकी ओर से किया जा सकता है। इसी के चलते एक अन्य साधु को पुलिस ने डिटेन कर थाने पर रखा है और उससे पूछताछ की जा रही है। हालांकि मामले में अज्ञात आरोपी मानते हुए अन्य एंगल पर भी जांच की जा रही है।

कोटा में युवा साधु की हत्या के बाद आक्रोशित संत समाज ने धरना दिया।

डीसीपी रुद्रप्रकाश शर्मा का कहना है कि इस मामले की सूचना के बाद आला पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। शव को एमबीएस अस्पताल की मोर्चरी में शिफ्ट कर दिया। मौके पर एफएसएल, एमओबी व डॉग स्क्वायड बुलाए गए। मौके से साक्ष्य एकत्रित किए गए हैं। संत देवानंद पर पीठ की तरफ धारदार हथियार से हमला किया गया है। इस कारण कंधे और पीठ पर कई घाव हैं। फिलहाल स्पष्ट कारण प्रारंभिक तौर पर सामने नहीं आया है। मामले में अनुसंधान के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। जांच पड़ताल की जा रही है।

चंद्रसेल महादेव मठ मेला समिति के संयोजक दीनदयाल का कहना है कि उन्हें सूचना मिली थी जिसके बाद 11.30 बजे वो भी मंदिर पर पहुंच गए थे। घटना की सूचना मिलने के बाद चंद्रसेल गांव और आसपास के बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए थे। अचानक हुए इस घटनाक्रम से ग्रामीण भी सन्न रह गए। घटना के बाद जिस कक्ष में संत देवानंद सो रहे थे वहां और कक्ष के बाहर काफी खून बिखरा हुआ था। संत देवानंद युवा थे और कई जगह पर वह प्रवास करते थे। बीते कुछ दिनों से वे यहां पर रुके हुए थे। उन्हें सत्संग का काफी शौक था और वह भजन काफी अच्छे गाते थे, इसीलिए वह आए दिन कहीं न कहीं कार्यक्रमों में व्यस्त रहते थे। यह घटनाक्रम कैसे हुआ है इस संबंध में फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस ही पूरे मामले का पटाक्षेप करेगी।

- मंदिर ट्रस्ट के लोगों ने दूसरे साधु पर शक जताया, आरोप है कि है कि वो देवानंद से ईर्ष्या रखते थे, इसीलिए यह घटनाक्रम उनकी ओर से किया जा सकता है
- डीटेन आरोपी साधू से पूछताछ जारी, एफएसएल, एमओबी व डॉग स्क्वायड ने साक्ष्य एकत्रित किए

# ट्रेलर ने कार और पिकअप को टक्कर मारी, दो की मौत

## हादसे में छह जने गंभीर रुप से घायल हो गये

ट्रेलर ने सड़क किनारे खड़ी स्कॉर्पियो, बाइक और चारपाई पर सो रहे एक बुजुर्ग को टक्कर मार दी।

**धौलपुर,** (निसं)। सैपऊ थाना क्षेत्र में एनएच-123 पर उमरारा गांव के समीप तेज रफ्तार ट्रेलर ने सड़क किनारे खड़ी स्कॉर्पियो, बाइक और चारपाई पर सो रहे एक बुजुर्ग को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि स्कॉर्पियो सवार समेत छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चार की हालत गंभीर होने पर उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो सवार लोग खाटूश्याम के दर्शन कर ग्वालियर लौट रहे थे। उमरारा गांव के पास उन्होंने अपनी स्कॉर्पियो सड़क किनारे खड़ी कर दी थी। वहीं एक बाइक सवार युवक भी रुका हुआ था। इसी दौरान सड़क किनारे चारपाई पर एक 80 वर्षीय बुजुर्ग सो रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार धौलपुर की ओर से तेज गति से आ रहा ट्रेलर सामने चल रही पिकअप को ओवरटेक करने के प्रयास में अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे खड़ी स्कॉर्पियो, बाइक तथा चारपाई को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में 24 वर्षीय प्रेमप्रधान कुशवाह पुत्र राजेंद्र कुशवाह निवासी विक्रमपुर की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को मोर्चरी में रखवा दिया है वहीं मामले की जांच में जुट गई है।

- स्कॉर्पियो सवार लोग खाटूश्याम के दर्शन कर ग्वालियर लौट रहे थे, उमरारा गांव के पास हुआ हादसा

# दुष्कर्म करने और धर्म परिवर्तन के दबाव का आरोपी गिरफ्तार

## पीड़िता ने एसपी से मुलाकात कर अपने साथ हुई आपबीती की शिकायत दर्ज कराई

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले में महिला सुरक्षा और सामाजिक सौहार्द को ठेस पहुंचाने वाला एक गंभीर मामला सामने आया है। शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र में एक महिला को नौकरी दिलाने का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने और बाद में उस पर धर्म परिवर्तन (मजहब बदलने) के लिए मानसिक व शारीरिक दबाव बनाने का आरोप लगा है। पीड़िता की शिकायत पर तत्परता दिखाते हुए पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, पीड़िता ने जिले के पुलिस अधीक्षक सागर राणा से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर अपने साथ हुई इस आपबीती की शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए एसपी के निर्देश पर तुरंत प्रताप नगर थाने में सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की जानकारी देते हुए आरपीएस नेहा राव ने बताया कि प्रताप नगर थाना क्षेत्र में एक महिला द्वारा प्रकरण दर्ज कराया गया है। पीड़िता ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि भूरे खां नाम के एक व्यक्ति ने नौकरी दिलाने के बहाने उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। इसके साथ ही आरोपी द्वारा उस पर लगातार धर्म परिवर्तन करने का भी दबाव बनाया जा रहा था। नेहा राव ने कहा कि पीड़िता के बयानों और प्राथमिक साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी भूरे खां को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल मामले में किसी अन्य की संलिप्तता नहीं पाई गई है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि मामले की हर पहलू से गहनता से जांच की जा रही है। अनुसंधान के दौरान जो भी नए तथ्य या सबूत सामने आएंगे, उसी के अनुसार आगे की सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# बूंदी में 'पीएम कुसुम योजना' के नाम पर ठगी

**बूंदी,** (निसं)। बूंदी जिले में पीएम कुसुम सोलर पंप योजना के नाम पर बड़े पैमाने पर ठगी का मामला सामने आया है। यह ठगी ऐसे समय हो रही है, जब योजना के टेंडर पांच महीने से बंद हैं। जिला कलैक्टर हरफूल सिंह यादव ने इस मामले का संज्ञान लिया है। ठग खुद को सरकारी नुमाइंदा बताकर किसानों को 80-90 प्रतिशत सब्सिडी पर 35 हजार रुपए में सोलर पंप लगाने का झांसा दे रहे हैं। ठग किसानों को फोन कॉल के जरिए और गांवों में सीधे संपर्क करके अपने जाल में फंसा रहे हैं।

केपाटन के मेहराणा गांव निवासी राजाराम प्रजापत ने बताया कि उनके गांव में 4-5 किसानों से एक-एक हजार रुपए और उनकी आईडी ली गई। मुझे भी 35 हजार रुपए में पंप सेट का ऑफर मिला था, लेकिन जब मैंने उद्यान विभाग में पता किया तो जानकारी मिली कि योजना बंद है। उद्यान उपनिदेशक ने इस संबंध में एक अलर्ट जारी किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पीएम कुसुम कंपोनेंट-बी के टेंडर पिछले पांच महीने से बंद हैं। वर्ष 2026-27 के लिए न तो कोई दिशा-निर्देश जारी हुए हैं, न दरें तय की गई हैं और न ही कोई फर्म अनुबंधित है। विभाग ने यह भी बताया कि सरकारी प्रक्रिया में किसान की राशि केवल प्रशासनिक स्वीकृति के बाद सरकारी खाते में जमा होती है, किसी व्यक्ति के पास नहीं। उद्यान अधिकारी सीताराम मीणा ने किसानों को आगाह किया और कहा कि 90 प्रतिशत अनुदान की बात पूरी तरह झूठ है। किसान किसी भी अज्ञात व्यक्ति को नकद या ऑनलाइन भुगतान न करें। मीणा ने चेतावनी दी कि ऐसा करने पर होने वाले नुकसान के लिए किसान स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# करौली में तीन अवैध क्लिनिक सीज़ किये

**करौली,** (निसं)। झोलाछाप और नीम हकीमों के खिलाफ ब्लॉक स्तरीय दल सपोटरा द्वारा कार्रवाई की गई, जिससे अवैध क्लिनिक संचालकों में हड़कंप मच गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सतीश चंद मीणा ने बताया कि सपोटरा में बीसीएमओ डॉ. मनोज कुमार मीणा, तहसीलदार दिलीप अग्रवाल, आयुर्वेद अधिकारी ज्योत्सना, पुलिस टीम ने बगीदा में फतेह सिंह क्लिनिक, ऋषिकेश क्लिनिक अड्डूदा और छोटू क्लिनिक हाडोती सीज की और 8 झोलाछाप के ठिकानों पर नोटिस चस्पा किया। टीम ने 2 मेडिकल स्टोर को रजिस्ट्रेशन संबंधी दस्तावेज के लिए नोटिस प्रदान किये। डॉ. मीना ने बताया कि जिले में अपंजीकृत हॉस्पिटल और अपंजीकृत लैब पर भी अवैध श्रेणी में जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

# चाचा ने भतीजी से दुष्कर्म किया, मामला दर्ज

**जोधपुर,** (कासं)। शादी करने का झांसा देकर एमपी से जोधपुर आई एक युवती के साथ उसके ही रिश्ते के चाचा द्वारा दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। युवती ने अपने चाचा के खिलाफ रेलवे स्टेशन के सामने स्थित एक सराय के कमरे में दुष्कर्म करने का केस दर्ज कराया है। मामला गुमशुदगी और बरामदगी के बाद दिए बयानों के आधार पर दर्ज कराया। जोधपुर पुलिस ने एमपी पुलिस से मिली बिना नम्बरी एफआईआर पर मामला दर्ज किया है।

सरदारपुरा पुलिस ने बताया कि पीड़िता ने यह रिपोर्ट दी है। इसमें बताया गया है कि कुछ समय पूर्व उसके रिश्ते के एक चाचा उसको बहलाकर जोधपुर लेकर आये और यहां पर सराय के एक कमरे में प्रवास के समय दुष्कर्म किया और बाद में उसको अकेली छोड़कर भाग छूटा। इसी दौरान युवती के परिजनों ने युवती के घर से लापता होने पर मध्यप्रदेश के संबंधित थाने में गुमशुदगी दर्ज करायी थी। पुलिस और परिजनों ने यहां पर आकर युवती को दस्तयाब कर अपने साथ लेकर गए और वहां पर युवती के दिए बयानों के आधार पर बिना नम्बरी एफआईआर दर्ज कर अग्रिम जांच और अंनुसंधान के लिये जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट को भेजी। घटनास्थल से संबंधित सरदारपुरा पुलिस थाना में उक्त मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई।

- जोधपुर पुलिस ने एमपी पुलिस से मिली बिना नम्बरी एफआईआर पर मामला दर्ज किया

# सादुलपुर में लाखों की चोरी का खुलासा

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ़ थाना पुलिस ने 48 घंटे में पहाड़सर गांव के दो घरों में हुई लाखों रुपये के सोने-चांदी और मोटरसाइकिल चोरी की वारदात का खुलासा कर दिया है।

थानाधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि 3-4 जून की रात पहाड़सर गांव में दो घरों में सोने का कड़ा, अंगूठियां, मंगलसूत्र, रानीहार, हमेल, गलसरी, मांग टीका, चांदी की पायजेब, झुमके सहित लाखों के जेवरात और मोटरसाइकिल चोरी हो गइ थी। पीड़ित ओमप्रकाश और विनोद कुमार की रिपोर्ट पर राजगढ़ थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। थानाधिकारी राजेश सिहाग के नेतृत्व में कमलेश कुमार सब इन्सपेक्टर ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। पुलिस ने हरियाणा के रोहतक जिले के महम थाना क्षेत्र के फरमाणा खास निवासी निरज पुत्र हवासिंह मेघवाल को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया। आरोपी कच्छाधारी गैंग का शातिर नकबजन बताया जा रहा है। उससे अनुसंधान जारी है।

# अपराधियों की संपत्ति जब्त करें और सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतें : डीजीपी शर्मा

**जोधपुर,** (निसं)। महानिदेशक पुलिस राजस्थान राजीव कुमार शर्मा ने शनिवार को जोधपुर रेंज कार्यालय में रेंज स्तरीय अपराध समीक्षा तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा को लेकर बैठक ली। इस बैठक में जोधपुर रेंज के महानिरीक्षक पुलिस सत्येन्द्र सिंह सहित जोधपुर ग्रामीण, फलोदी, बालोतरा, पाली, बाड़मेर, जैसलमेर, सिरोही और जालौर जिलों के पुलिस अधीक्षक उपस्थित रहे। बैठक में रेंज की भौगोलिक स्थिति और वर्तमान सुरक्षा परिदृश्य पर व्यापक चर्चा की गई।

महानिदेशक पुलिस शर्मा ने रेंज में हुए हालिया अपराधों की गहन समीक्षा की और कानून व्यवस्था को बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने संगठित अपराधियों के विरुद्ध अधिक से अधिक सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। विशेष रूप से ड्रग माफिया और मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों के पूरे नेटवर्क का खुलासा करने, उनके मुखियाओं के विरुद्ध प्रभावी विधिक कार्रवाई करने तथा तस्करी की काली कमाई से अर्जित उनकी संपत्तियों को जब्त करवाने जैसी कठोर कार्रवाई अमल में लाने के लिए जिला कप्तानों को पाबंद किया। बैठक के दौरान कानून व्यवस्था के साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा पर भी विशेष मंथन हुआ। डीजीपी ने महिला सुरक्षा की दिशा में प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने महिलाओं, बालकों एवं कमजोर वर्ग के खिलाफ होने वाले अपराधों में पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करने और पुलिस मुख्यालय स्तर से वर्तमान में चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों का क्रियान्वयन सजगता से करने पर विशेष बल दिया।

जोधपुर रेंज के कई जिलों की सीमाएं अंतर्राष्ट्रीय बॉर्डर से सटी होने के कारण महानिदेशक ने सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूरी सतर्कता बरतते हुए सीमावर्ती इलाकों में पुलिस की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ किया जाए। इन क्षेत्रों मे कम्युनिटी पुलिसिंग को बढ़ावा देकर अपराधियों, अवैध गतिविधियों और अवैध घुसपैठ पर पूर्ण रूप से रोक लगाई जाए। बैठक के समापन पर डीजीपी शर्मा ने सभी अधिकारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि देश में लागू हुए नवीन आपराधिक कानूनों में पुलिस को कई विशेष और प्रभावी प्रावधान दिए गए हैं। अधिकारी इन नए कानूनी प्रावधानों का कड़ाई और बुद्धिमत्ता से प्रयोग करें, ताकि राजस्थान पुलिस का मूल ध्येय वाक्य आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय धरातल पर पूरी तरह सार्थक हो सके।

महानिदेशक पुलिस राजस्थान राजीव कुमार शर्मा ने जोधपुर रेंज कार्यालय में अपराध समीक्षा तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा को लेकर बैठक ली।

- जोधपुर में डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने अपराध समीक्षा बैठक लेकर निर्देश दिए, बैठक में रेंज की भौगोलिक स्थिति और वर्तमान सुरक्षा परिदृश्य पर व्यापक चर्चा की गई

# 15 दिन से कोटा से लापता युवक का कंकाल मिला

**अन्ता,** (निसं)। अंता थाना अंतर्गत नागदा बाइपास पर शनिवार को एक ड्रेन में नर कंकाल बरामद हुआ। सूचना मिलते ही अंता पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया, जिसने मौके से साक्ष्य जुटाए। मृतक 15 दिन से कोटा से लापता था। घटना स्थल से मिले साक्ष्य के आधार पर मृतक की पहचान हो गई है।

जानकारी के अनुसार, नागदा फाटक से कुछ दूरी पर स्थित ड्रेन में मानव कंकाल पड़ा होने की सूचना पुलिस को मिली थी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने पाया कि कंकाल पूरी तरह बिखरा हुआ था और आसपास मानव हड्डियां फैली हुई थीं। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह आढा और थानाधिकारी भूपेश शर्मा सहित पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। एफएसएल टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। कंकाल के पास मिले कपड़ों और अन्य वस्तुओं की भी जांच की गई। पुलिस ने कंकाल और बरामद सामग्री को अपने कब्जे में लेकर अंता अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। अंता थाने के एसआई घनश्याम नागर ने बताया कि मृतक की पहचान सीसवाली थाना क्षेत्र के कनाडा निवासी बबलू मीणा (23) पुत्र रामेश्वर मीणा के रूप में हुई है। कंकाल के पास मिले कपड़ों, पैंट की जेब से बरामद आधार कार्ड और अन्य दस्तावेजों के आधार पर उसकी शिनाख्त की गई। पुलिस के अनुसार, मृतक के परिजनों ने बताया कि बबलू मीणा लगभग 15 दिन पहले कोटा से अपने गांव जाने के लिए निकला था, लेकिन वह घर नहीं पहुंचा। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई पता नहीं चलने पर परिजनों ने कोटा में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। शनिवार को नागदा बाइपास पर मिले कंकाल की पहचान होने के बाद परिजनों को इसकी सूचना दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- अंता पुलिस और एफएसएल टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया

# घर से आधार, पैन कार्ड व मोबाइल चुराकर खाते से नगदी निकाली

**अलवर,** (निसं)। अलवर में एक चोर घर में घुसकर रिटायर्ड फौजी और पूर्व टीसी अमरीक सिंह के दस्तावेज और मोबाइल फोन चोरी कर ले गया। इसके बाद डॉक्यूमेंट और मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर खाते से साढ़े तीन लाख रुपए निकाल लिए। घटना शहर के शिवाजी पार्क थाना इलाके में गणपति विहार की है। यहां 29 मई की रात करीब 3 बजे चोर घर में घुसा था। पीड़ित के अनुसार घर में चोरी की पूरी घटना बताने के बावजूद पुलिस ने चोरी की धारा नहीं जोड़ी।

पीड़ित अमरीक सिंह के अनुसार, घटना की रात घर में सो रहा था। इसी दौरान चोर घर के अंदर घुस आया। आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड, सैनिक कैंटीन कार्ड, ईसीएचएस कार्ड सहित अन्य जरूरी दस्तावेज ले लिए। इसके बाद बिस्तर के सिरहाने रखा मोबाइल फोन उठाकर ले जाने लगा तो मेरी नींद खुल गई। चोर का हाथ पकड़ लिया, लेकिन आरोपी हाथ छुड़ाकर भाग निकला। अमरीक सिंह ने बताया कि चोर के पीछे मोहल्ले तक दौड़ा और चिल्लाया भी, लेकिन आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। घटना के बाद पुलिस को इसकी सूचना दी।

उन्होंने बताया कि घटना के बाद 3 जून को मैंने अपने बैंक खाते का स्टेटमेंट निकलवाया। स्टेटमेंट देखकर पता चला कि 31 मई से 3 जून के बीच अलवर, किशनगढ़बास और तिजारा में अलग-अलग ट्रांजेक्शन कर खाते से करीब साढ़े तीन लाख रुपए निकाल लिए गए थे। इसके बाद 5 जून को शिवाजी पार्क थाने में मामला दर्ज किया। हैरानी की बात यह रही कि पीड़ित के घर में चोरी की पूरी घटना बताने के बावजूद पुलिस ने चोरी की धारा नहीं जोड़ी। रिपोर्ट में केवल इतना उल्लेख किया गया कि पीड़ित के दस्तावेज और मोबाइल गुम हो गए थे।

पीड़ित अमरीक सिंह का आरोप है कि पुलिस को स्पष्ट रूप से बताया था कि चोर घर में घुसा था, उसे पकड़ने की कोशिश भी की थी। वह चोरी कर भाग गया था। इसके बावजूद मेरी शिकायत को दस्तावेज गुम होने के रूप में दर्ज कर लिया गया। इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक शर्मा ने कहा कि मामले की जानकारी लेकर जांच कराई जाएगी।

# डोडा-पोस्त जब्त, आरोपी फरार

**जोधपुर,** (कासं)। जिला पूर्व पुलिस ने दो थाना क्षेत्रों में मादक पदार्थ बरामद किए हैं। एक में आरोपी को पकड़ा गया है तो दूसरे में आरोपी हाथ नहीं लगा। उसकी ढाणी से अवैध डोडा-पोस्त बरामद हुआ। डांगियावास थानाधिकारी दौलाराम ने बताया कि मुखबिरी से सूचना मिली कि जाणियों की ढाणी बिरडासनी क्षेत्र में रहने वाले श्रवणराम के यहां पर अवैध मादक पदार्थ मिल सकता है। इस पर पुलिस की टीम ने वहां पर रेड दी। पुलिस ने ढाणी में छुपाकर रखा 28 किलो 610 ग्राम डोडा-पोस्त बरामद किया। आरोपी हाथ नहीं लगा है। दूसरी तरफ महामंदिर थानाधिकारी देवेन्द्रसिंह ने श्याम प्रसाद मुखजी पार्क मानजी का हत्था क्षेत्र में अवैध रूप से एमडी ड्रग्स बेचने की फिराक में घूम रहे खींयाराम को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 14 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त की।

# जोधपुर : सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर अनीता बिश्नोई की हालत में सुधार

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर में ट्रोलिंग से परेशान होकर जहर पीने वाली सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर अनीता बिश्नोई की हालत में सुधार हो रहा है। मथुरादास माथुर अस्पताल के आईसीयू में भर्ती अनीता ने शनिवार सुबह अपने परिवार के लोगों से इशारों में बातचीत की और बताया कि वह अब ठीक हैं।

अनीता के पति दीनाराम ने बताया कि कुछ लोगों ने उनके कपड़ों को लेकर अभद्र टिप्पणियां की थीं, जिससे वह काफी मानसिक तनाव में थीं। फिलहाल उनकी तबीयत पहले की तुलना में काफी बेहतर है। पति दीनाराम ने ट्रोलिंग को लेकर बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि इस पूरे विवाद के पीछे परिवार के ही कुछ लोग और अन्य इन्फ्लूएंसर्स हैं। उन्होंने बताया कि अनीता के एक 6 महीने पुराने वीडियो का शुरुआती हिस्सा काटकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल किया गया। दीनाराम ने कहा कि इस मामले को लेकर वे जल्द ही थाने में एफआईआर दर्ज करवाएंगे। अनीता के पूरी तरह ठीक होने के बाद वे दोनों साथ बैठकर मीडिया के सामने पूरा सच रखेंगे।

मथुरा दास माथुर अस्पताल के सुपरिटेंडेंट डॉ. विकास राजपुरोहित ने बताया अनीता विश्नोई का आईसीयू में इलाज चल रहा है। अभी उन्हें किसी भी तरह के वेंटिलेटर और ऑक्सीजन सपोर्ट की जरूरत नहीं है। अब उनकी स्थिति पहले से बेहतर है। 2 दिन बाद वह बोलने या फिर बयान देने की स्थिति में आ जाएंगी। जो जहर लिया था, उसकी डिटेल मंगवाई थी। इसमें पता चला कि दो तरह का कॉम्बिनेशन था। यह कॉम्बिनेशन शरीर में लंग्स, हार्ट, रेस्पिरेटरी (सांस लेने) सिस्टम, ब्रेन और मल्टीपल ऑर्गन्स को इफेक्ट करता है। हमने समय पर इलाज शुरू कर दिया था।

यह पूरी घटना 3 जून की है। जोधपुर के बनाड़ थाना क्षेत्र की रहने वाली अनीता ने 3 जून की सुबह करीब 11:30 बजे जहर खा लिया था। हालत बिगड़ने पर उन्हें तुरंत एमडीएम हॉस्पिटल के मेडिकल वार्ड में भर्ती कराया गया था। गंभीर स्थिति को देखते हुए उसी रात उन्हें आईसीयू आईसीयू में शिफ्ट कर दिया गया था। पिछले चार दिनों से उनका इलाज जारी है। हालत में सुधार है।

- अस्पताल के आईसीयू में भर्ती अनीता ने परिवार के लोगों से इशारों में बातचीत की और बताया कि वह अब ठीक हैं